यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम

Union Bank of India
A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश राज्य के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सर्वश्रेष्ठ बैंक के रूप में सम्मानित

मुंबई, 13 दिसंबर, 2023: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से कृषि उद्यम कृषक विकास चैंबर और भारतीय निवेशक महासंघ द्वारा आयोजित 6वीं नेक्स्ट जेनरेशन डिजिटल ग्रीन बैंकिंग विद न्यू टेक्नोलॉजीज एंड एक्सीलेंस समिट, 2023 में समग्र कार्यनिष्पादन के लिए प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया है.

श्री अमित मोहन प्रसाद (एसीएस, एमएसएमई, उत्तर प्रदेश सरकार) सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सूक्ष्म उद्यमों, कृषि और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के क्षेत्रों में डिजिटल ऋण संवितरण बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं. इसकी डिजिटल सक्षम योजनाएं जैसे यूनियन नारी शक्ति एसटीपी, डिजिटल पीएम स्वनिधि, डिजिटल केसीसी गेमचेंजर साबित हो रही हैं और एक बटन के क्लिक पर ऋण संवितरण प्रदान करती हैं.

तस्वीर में बायें से दायें: श्री के पी सिंह (प्रबंध संपादक ट्रिब्यून, लखनऊ), श्री शरद चन्दक (मण्डल प्रमुख एसबीआई, मुख्य महाप्रबंधक), श्री सुमित श्रीवास्तव (अंचल प्रमुख यूबीआई, महाप्रबंधक), श्री अमित मोहन प्रसाद (एसीएस, उत्तर प्रदेश सरकार).

****

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जारी :-
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेलीफोन: 22892500; ई-मेल: gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक ऑफ भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021.